Phone-0120-2783617
E-mail-dfogzb@gmail.com

कार्यालय प्रभागीय निदेशक,सामाजिक वानिकी प्रभाग ,गाजियाबाद।

पत्रांकः– / दिनांक, गाजियाबाद मार्च 2023।

सेवा में,

रजिस्ट्रार, मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण
नई दिल्ली।

विषयः– ओ0ए0 संख्या–287/2022 में दिनांक–22.02.2023 में दिये गये निर्देशो के क्रम में।

महोदय,

ओ0ए0 संख्या–287/2022 में दिनांक–22.02.2023 को पारित निर्णय में मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा अधोहस्ताक्षरी को वसुन्धरा सै0–15 में नगर निगम द्वारा खाली कराये गये अतिक्रमित भूमि का व्यक्तिगत रूप से स्थलीय निरीक्षण कर राजस्व रिकार्ड/रिमोट सेन्सिंग डाटा के आधार पर उक्त भूमि पर वृक्षो की उपस्थिति के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर निगम के स्थानीय स्टाफ की उपस्थिति में उक्त स्थलो का स्थलीय निरीक्षण किया। इसी के साथ गूगल अर्थ द्वारा वर्तमान की Images का अवलोकन भी किया गया। उपरोक्त के आधार पर रिपोर्ट निम्न प्रकार हैः–

1– सी0डब्लू0आर ओवर हैड के सामने की भूमि पर नगर निगम का ऑफिस गेट के एक तरफ कुछ पुराने वृक्ष वर्तमान में विद्यमान है जिनकी उम्र करीब 10 वर्ष से अधिक है। हालाकि गेट के दूसरी तरफ वृक्षो का घनत्व अत्यंत न्यून है। स्थानीय नागरिको से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उक्त स्थल पर कई वर्षो से वृक्ष नही है। फोटोग्राफ संलग्न है

2– अटल चौक पर जिस स्थान से अतिक्रमण खाली किया गया है उक्त स्थल पर भी पुराने वृक्ष विद्यमान है जिनकी उम्र 10 वर्ष से अधिक है तथा वृक्षो की कैनोपी काफी विस्तृत है। हालाकि अभी भी उक्त स्थान पर रिक्त भूमि उपलब्ध है जिस पर एक से दो पंक्तियों में वृक्षारोपण किया जा सकता है। यहा पर भी स्थानीय निवासियों द्वारा बताया गया कि इस स्थान पर काफी वर्षो से विद्यमान वृक्षो के अतिरिक्त अन्य कोई वृक्ष नही रहे है। उक्त स्थल पर इन्टरलोकिंग भी करायी पायी गयी है। स्थलीय फोटोग्राफ संलग्न है



यह रिपोर्ट मौके पर उपस्थित वृक्षो तथा स्थानीय निवासियों द्वारा बताये गये अनुभवो के आधार पर तैयार की गयी है। मौके पर किसी भी वृक्ष के काटने का प्रमाण नही मिला है फिर भी मौके पर पाये गये कुछ खाली स्थलो पर पूर्व में वृक्ष उपस्थित हो सकते है जिसकी पुष्टि High Resolution Satellite Data के आधार पर ही हो सकती है। उक्त डाटा भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा उपलब्ध कराया जा सकता है।

भवदीय

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
गाजियाबाद।